## कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

## अंतर-जनपदीय गैंग के 01 शातिर लूटेरे चितईपुर पुलिस के शिकंजे में, कब्जे से लूट में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल, लूटी गयी पीली धातु के गहने व 150 ग्राम नशीला पाउडर बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त जोन-काशी व अपर पुलिस उपायुक्त जोन-काशी के निर्देशन व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व श्रीमान् थानाध्यक्ष महोदय के पर्यवेक्षण में उ0नि0 अजय कुमार यादव चौकी प्रभारी चितईपुर कमि0 वाराणसी पुलिस बल के साथ देखभाल चौकी क्षेत्र व रात्रि ग्रस्त हेतु गौतम नगर मोड़ पर थे तभी मुखबिर खास व विकसित सूत्रों से ज्ञात हुआ कि थाने पर पंजीकृत मुकदमें से संबंधित लुटेरों के मिलने की संभावना है इस पर उ0नि0 उपरोक्त पता रसी सुराग रसी करते हुए अखरी बाई पास पर आया जहां पर चौकी प्रभारी उ0नि0 श्री सुनील कुमार मय हमराह थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी गश्त चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन पतारसी सुरागरसी अभियुक्तगण में अखरी बाईपास से आर्यन स्कूल के पास से एक नफर अभियुक्त सतवीर S/O राजकरन बावरियाँ निवासी अहमदगण थाना झीझान जनपद शामली उ0प्र0 उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तारी किया गया । उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना चितईपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**अपराध विवरण-**

1. मु0अ0सं0 145/23 धारा 392/411 IPC थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
2. मु0अ0सं0 166/23 धारा 392/ 411 IPC थाना कपसेठी कमि0 वाराणसी
3. मु0अ0सं0 309/23 धारा 392/411 IPC थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी
4. मु0अ0सं0-0170/2023 धारा 411/414 भादवि थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी ।
5. मु0अ0सं0-0171/2023 धारा 8/22 NDPS Act थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम- पता-**

1. सतवीर S/O राजकरन बावरियाँ निवासी अहमदगण थाना झीझान जनपद शामली उ0प्र0 उम्र करीब 32 वर्ष

**गिरफ्तारी का दिनांक व समय –**

दिनांक घटना 20/11/2023 समय 03.15 AM घटना स्थल आर्यन स्कूल अखरी बाईपास के पास ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण –**

पकडे गये व्यक्ति से पूछताछ करने पर बताया कि मोटरसाइकिल(रजिस्ट्रेशन नं0 UP66Z1138) को मैं और मेरे साथी ने मिलकर गोपीगंज भदोही से मो0साइकिल को चुराया था इस चोरी की गई मोटरसाइकिल से हम

तीनों लोगों ने मिलकर कर्मनवीर चितईपुर, औड़े रोहनिया, और कपसेठी में महिलाओं से उनके पहने हुए सोने की चेन को छीन कर भाग गए थे। मेरे हिस्से में लूटी गई सोने की चेन जिसमें कर्मनवीर और कपसेठी से लूट का है इस समम्मे जो पतला चैन का टुकड़ा है कपसेठी से लूटे थे तथा मोटे चैन का टुकड़ा कर्मनवीर चितईपुर लूट का है। तथा पहने गए लोअर पैंट की बाये जेब से रुपया 500 ( पाच सौ0 रुपये) का चार नोट तथा दो0 सौ (200/00) एक नोट तथा रुपये 20 का एक नोट कुल 2220 ( बाइस सौ बीस रुपया ) तथा एक प्लास्टिक के थैले में कागज में लपेटा हुआ पाउडर बरामद है जिसके बारे में पूछने पर बताया कि हम तीनो लोगो ने मिलकर औड़े से महिला के गले की चेन को लूटा था उसमे मुझको कुल रु0 पांच हजार मेरे हिस्से का देकर चैन सोने की बेचने के लिए शामली अपने घर चले गए है बरामद सुदा पाउडर के बारे में मे पूछने पर बताया कि यह नशीला पाउडर है जिसका इस्तेमाल मैं लोगों के खाने-पीने की सामग्री में मिलाकर उनके सामानो व रूपयो को लूट लेता हूं। इसके साथ शामिल अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>**

1.एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल वाहन होण्डा साइन 125 सीसी (रजिस्ट्रेशन नं0 UP66Z1138)

2.एक सौ पचास ग्रा0 नशीला पाउडर

3.पीली धातु के गहने(कर्मनवीर की पीली धातु का कुल वजन 1 ग्राम छः सौ नब्बे मिलीग्राम तथा कपसेठी से लूटी गई पीली धातु चैन का वजन एक ग्राम नौ सौ बीस मिलीग्राम) व रुपया 2220 रु0 (बाइस सौ बीस रुपए) नगद

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. उ0नि0 श्री चन्द्रदीप कुमार थानाध्यक्ष थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 श्री अजय कुमार यादव चौकी प्रभारी चितईपुर कमि0 वाराणसी
3. उ0नि0 श्री सुनील कुमार चौकी प्रभारी अखरी थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी
4. हे0का0 धनंजय सिंह थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी
5. का0 सूरज सिंह थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।
6. का0 कमल किशोर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।
7. का0 नीरज मौर्य थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।
8. का0 गौतम विश्वकर्मा थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।
9. का0 राहुल पाठक थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल पुलिस**
**उपायुक्त, जोन काशी कमिश्नरेट**
**वाराणसी**